चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि. भूमि | 28.9.26 | 12 | 6-8 |

# हकृवि में 400 स्वयंसेवकों ने नशे के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली

■ पोस्टरों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव बताए, नशा मुक्त समाज का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते अधिकारी।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के साथ समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए सामूहिक संकल्प दिलाना रहा। रैली में करीब 400 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भगत सिंह ने विद्यार्थियों को एनएसएस के इतिहास, उद्देश्यों और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना है। जिला नागरिक अस्पताल के ड्रग काउंसलर राहुल शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में नशे के दुष्प्रभावों तथा इससे होने वाली सामाजिक, शारीरिक और मानसिक समस्याओं के बारे में जानकारी दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| चार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 28-9-26 | 4 | 7-8 |

## हकृवि में स्वयंसेवकों ने नशे के विरूद्ध निकाली जागरूकता रैली



रैली को झंडी दिखाते अधिकारी।

हिसार, 27 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशे के विरूद्ध जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए सामूहिक संकल्प दिलाना रहा। कार्यक्रम में 400 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी व कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भगत सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास, उद्देश्यों एवं विभिन्न गतिविधियों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सिविल अस्पताल के ड्रग काउंसलर राहुल शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों तथा इससे उत्पन्न होने वाली सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई। मंच संचालन एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चन्द्र शेखर डागर ने किया। इस अवसर पर पोस्टरों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन के महत्व को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| ाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 28-9.26 | 4 | 7-8 |

## हकृवि में स्वयंसेवकों ने नशे के विरूद्ध निकाली जागरूकता रैली




नशा मुक्त रैली को झंडी दिखाते अधिकारी • विज्ञप्ति

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से नशे के विरुद्ध जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में 400 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी व कार्यक्रम समन्वयक डा. भगत सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास, उद्देश्यों एवं विभिन्न गतिविधियों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। स्थानीय सिविल अस्पताल के ड्रग काउंसलर राहुल शर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों तथा इससे उत्पन्न होने वाली सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में नशा मुक्त समाज के निर्माण को लेकर शपथ दिलाई गई।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय


| (स)माचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 28-9-26 | 5 | 1-2 |



रैली को झंडी दिखाते अधिकारी।

# हकृवि में स्वयंसेवकों ने नशे के विरूद्ध निकाली जागरूकता रैली

हिसार, 27 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशे के विरूद्ध जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए सामूहिक संकल्प दिलाना रहा। कार्यक्रम में 400 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी व कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भगत सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास, उद्देश्यों एवं विभिन्न गतिविधियों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। स्थानीय सिविल अस्पताल के ड्रग काउंसलर राहुल शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों तथा इससे उत्पन्न होने वाली सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा अपने साथियों एवं समाज के अन्य लोगों को भी नशे के विरुद्ध जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई। मंच संचालन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चन्द्र शेखर डागर ने किया। उन्होंने कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों का सुचारू संचालन करते हुए स्वयंसेवकों को समाज सेवा एवं जन-जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। रैली का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. दीपक कौशिक एवं डॉ. लोचन शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर पोस्टरों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों तथा स्वस्थ एवं नशा मुक्त जीवन के महत्व को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| ार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 28-9-26 | 4 | 1-2 |

# कृषि विवि में नशे के खिलाफ जागरूकता रैली




हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव समझाना और नशा मुक्त समाज के लिए सामूहिक संकल्प कराना रहा। रैली में 400 स्वयंसेवकों ने भाग लिया और पोस्टरों के माध्यम से स्वस्थ, नशा मुक्त जीवन का संदेश दिया।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भगत सिंह ने कहा कि इसका लक्ष्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन, राष्ट्र निर्माण की सोच विकसित करना है। मुख्य वक्ता सिविल अस्पताल के ड्रग काउंसलर राहुल शर्मा रहे।